# उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

## संपत्ति नामांतरण (नगर पालिका क्षेत्र) हेतु छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन

छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी

# विषय सूची


**ई-डिस्ट्रिक्ट: होम पेज** .......... 2

**चरण 1: ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर पंजीकरण** .......... 3

**चरण 3: पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन** .......... 4

**चरण 3: योजना खोज** .......... 5

**चरण 4: आवेदक की बुनियादी जानकारी** .......... 7

**चरण 5: संपत्ति नामांतरण (नगर पालिका क्षेत्र) के लिए आवेदन** .......... 8

**चरण 6: आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना** .......... 9


**चरण 7: पूर्वावलोकन और आवेदन जमा करना** .......... 10

**चरण 8: शुल्क का भुगतान** .......... 11

**चरण 9: पावती सुरक्षित रखना** .......... 12

# ई-डिस्ट्रिक्ट: होम पेज

अपने कम्प्यूटर या लैपटॉप के वेब ब्राउज़र में टाइप करें – cgedistrict.cgstate.gov.in
निम्नानुसार होमपेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 1: छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट होम पेज**


लॉगिन करने के लिए होम पेज पर **नागरिक लॉगिन** बटन पर क्लिक करें।




**चित्र क्रमांक 2: नागरिक लॉगिन बटन**

# चरण 1: ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर पंजीकरण

अगर आप नए यूज़र हैं तो छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर निम्न प्रक्रिया द्वारा रजिस्टर करें।




**चित्र क्रमांक 3: नवीन उपयोगकर्ता पंजीयन**

**चरण 1.1:** नए पंजीयन हेतु दिए गए लिंक पर क्लिक करें, निम्नानुसार नागरिक पंजीकरण पेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 4: नागरिक पंजीकरण पेज**


**चरण 1.2:** नागरिक पंजीकरण पेज पर आवेदक उपयोगकर्ता नाम दर्ज करें।

**चरण 1.2:** फॉर्म में पूछी गई ज़रूरी जानकारियाँ दर्ज करें।

**चरण 1.2: "जमा करें"** बटन पर क्लिक करें। इस तरह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होती है।

# चरण 3: पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन

पंजीकृत उपयोगकर्ता निम्न प्रक्रिया द्वारा लॉगिन करें।





**चित्र क्रमांक 5: उपयोगकर्ता लॉगिन प्रक्रिया**

1. **यूज़रनेम** दर्ज करें।
2. **पासवर्ड** दर्ज करें।
3. ***"ओटीपी भेजें"*** पर क्लिक करें।
4. अपने पंजीकृत नंबर पर प्राप्त ओटीपी यहाँ दर्ज करें।
5. **लॉगिन** बटन पर क्लिक करें।

# चरण 3: योजना खोज

**चरण 3.1:** योजना खोज पेज में दी गई जानकारी भरें।





**चित्र क्रमांक 6: योजना खोज पेज**

**चरण 3.2: खोजें** पर क्लिक करें।


**चरण 3.3:** सेवाओं की सूची खुलेगी। इसमें **"संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र"** सेवा देखें।

**चरण 3.4:** यदि यह सेवा सूची में शामिल नहीं है तो ऊपर दिए गए **होम** बटन पर क्लिक करें। निम्नानुसार पेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 7: उपयोगकर्ता होम पेज**

**चरण 3.5:** इस पेज पर **"सभी सेवाएँ देखें"** पर क्लिक करें। सेवाओं की सूची खुलेगी।



Session TimeOut (In Minute): 15:00 होम

सेवाओं की सूची

Show 10 entries Search:


| क्रमांक नं | सेवा का नाम | सेवा श्रेणी | समय सीमा | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 41 | अस्वच्छ व्यवसाय मे कार्यरत परिवार के बच्चों की प्री मैट्रिक छात्रवृति हेतु अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण -पत्र | प्रमाण पत्र | 15 दिन | |
| 42 | छ.ग. बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं के अंकसूची की प्रतिलिपि | अतिरिक्त विभागीय सेवा | 15 दिन | |
| 43 | छ.ग. बोर्ड की व्यावसायिक/डी.एड./डी.एल.एड. के अंकसूची की प्रतिलिपि | अतिरिक्त विभागीय सेवा | 15 दिन | |
| 44 | बेरोजगार डिग्री/डिप्लोमा इंजीनियरों का पंजीयन | रोजगार | 15 दिन | |
| 45 | ग्रामीण विकास प्राधिकरणों का बैंक निर्माण एनओसी | प्रमाण पत्र | 15 दिन | |
| 46 | विवाह पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र | प्रमाण पत्र | 15 दिन | |
| 47 | व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति | अनुज्ञप्ति एवं अनुमति | 15 दिन | |
| 48 | नल कनेक्शन हेतु आवेदन | प्रमाण पत्र | 30 दिन | |
| 49 | भवन निर्माण अनुज्ञा | नगर पालिका सेवाओं के साथ शहरी विकास | 30 दिन | |
| 50 | संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र | नगर पालिका सेवाओं के साथ शहरी विकास | 30 दिन | |

Showing page 5 of 11 Previous 1 ... 4 5 6 ... 11 Next

**चित्र क्रमांक 8: सेवाओं की सूची**

**चरण 3.6:** सेवाओं की सूची में से **"संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र"** के सामने दिए गए बटन पर क्लिक करें, आवेदक सर्च बार में सेवा का नाम टाइप करके भी उक्त सेवा तक पहुँच सकते हैं।

निम्नानुसार सेवा का परिचय पेज खुलेगा। इस पेज पर आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची भी देखी जा सकती है।



Click to go back (Alt+Left arrow), hold to see history होम

संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र

नगरीय प्रशासन विभाग

आगे इस पेज को छोड़े

आवश्यक दस्तावेज

| क्रम सं | दस्तावेज़ प्रकार | सहायक दस्तावेज | अनिवार्य | प्रारूप |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पहचान प्रमाण | पहचान प्रमाण | हाँ | |
| 2 | संपत्ति की बिक्री दस्तावेज की कॉपी | संपत्ति की बिक्री दस्तावेज की कॉपी | हाँ | |
| 3 | घर का नक्शा | घर का नक्शा | हाँ | |
| 4 | पिछले संपत्ति कर भुगतान की रसीद | पिछले संपत्ति कर भुगतान की रसीद | हाँ | |
| 5 | संपत्ति से निवृत्त होने का फार्म | संपत्ति से निवृत्त होने का फार्म | हाँ | |

₹ शुल्क संबंधित जानकारी

आवेदन कहाँ करें?

लोक सेवा केंद्र ₹30.0

ऑनलाइन ₹30.0

संपर्क

लोक सेवा केंद्र

समय सीमा


30 दिन

**चित्र क्रमांक 9: सेवा परिचय एवं आगे बटन**

**चरण 3.6: "आगे"** बटन पर क्लिक करें।


# चरण 4: आवेदक की बुनियादी जानकारी

**चरण 4.1:** निम्नानुसार फॉर्म में पूछी गई जानकारियाँ दर्ज करें।




**चित्र क्रमांक 10: आवेदक की बुनियादी जानकारी**

**चरण 4.2:** फॉर्म भरने के बाद **"जमा करें"** बटन पर क्लिक करें। निम्नानुसार दस्तावेज़ों की जांच सूची दिखाई देगी।





**चित्र क्रमांक 11: सहायक दस्तावेज़ों की जांच सूची**

**चरण 4.3:** इस विंडो में दिए गए **"जमा"** बटन पर क्लिक करें।

# चरण 5: संपत्ति नामांतरण (नगर पालिका क्षेत्र) के लिए आवेदन

**चरण 5.1:** आवेदन फॉर्म में संपत्ति हस्तांतरण से संबंधित ज़रूरी जानकारियाँ दर्ज करें।



Session TimeOut (In Minute) : 14:59 होम

संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र

मेटाडेटा / आवेदन पत्र

हस्तान्तरणकर्ता का विवरण

नाम * :

पिता का नाम * :

पता * : आवेदक का पता

सम्बंधित भूमि या भवन नगर निगम में जिस नाम से दर्ज हो उस व्यक्ति का नाम :

हस्तान्तिरिणी विवरण

नाम * : सोहन कुमार

पिता का नाम * :

पता * :

संपत्ति प्रकार * : चुनें

वार्ड क्रमांक एवं वार्ड का नाम * :

भवन क्रमांक * :

नगर पालिका निगम द्वारा उस पर कर लगाया गया है * : चुनें

कर दाता का नाम * :

हक़ अंतरण करने के साधन * : चुनें

संपत्ति का मूल्य * :

पंजीयन का दिनांक * :

उन व्यक्ति का जिसमें भूमि या भवन या भूमि भवन के भाग या अंश का हक़ निहित ही मूल्य हो जाने की स्थिति में

मृतक का नाम :

दायाद या समभिहस्तांतरिणी का नाम :

दायाद या समभिहस्तांतरिणी का पिता का नाम :

दायाद या समभिहस्तांतरिणी का पता :

हक़ लेने का क्रमांक :

हक़ लेने का प्रकार : चुनें


सहेजें और पूर्वावलोकन | सुधारे | पीछे

**चित्र क्रमांक 12: संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र आवेदन फॉर्म**

**चरण 5.2: सहेजें और पूर्वावलोकन** बटन पर क्लिक करें।

# चरण 6: आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना

अनुलग्नक का विवरण पेज खुलेगा, इसमें आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए निम्न प्रक्रिया का पालन करें।




**चित्र क्रमांक 13: सहायक दस्तावेज़ अपलोड**

**चरण 6.1:** "***Choose File***" पर क्लिक कर अपने कम्प्यूटर या लैपटॉप से दस्तावेज की स्कैन कॉपी चुनें।


**चरण 6.2:** फाइल सलेक्ट करने के बाद ***"UPLOAD"*** पर क्लिक करें।

**चरण 6.3:** दस्तावेज अपलोड करने के बाद **"अनुलग्नक सहेजें"** पर क्लिक करें।

**चरण 6.4:** पुष्टिकरण के लिए डॉयलॉग बॉक्स खुलेगा, इसे **ओके** कर दें।

# चरण 7: पूर्वावलोकन और आवेदन जमा करना

अनुलग्नक सहेजने के पश्चात् निम्न चित्रानुसार पूर्वावलोकन पेज खुलेगा। ध्यानपूर्वक अपने आवेदन की जांच करें।



Session TimeOut (In Minute) : 15:00 होम

पूर्वविलोकन- संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र

| | |
|---|---|
| दायाद या समभिहस्तांतरिणी का पता | ---- |
| हक़ लेने का क्रमांक | ---- |
| हक़ लेने का प्रकार | ---- |

अनुलग्न दस्तावेज सूची

| क्रमांक नं | दस्तावेज़ का नाम | सहायक दस्तावेज | दस्तावेज़ संख्या | दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पहचान प्रमाण | पहचान प्रमाण | | देखे |
| 2 | संपत्ति की बिक्री दस्तावेज की कॉपी | संपत्ति की बिक्री दस्तावेज की कॉपी | | देखे |
| 3 | घर का नक्शा | घर का नक्शा | | देखे |
| 4 | पिछले संपत्ति कर भुगतान की रसीद | पिछले संपत्ति कर भुगतान की रसीद | | देखे |
| 5 | संपत्ति से निवृत्त होने का फार्म | संपत्ति से निवृत्त होने का फार्म | | देखे |

मैंने मेरे द्वारा किए गए आवेदन पत्र को भलीभांति देख लिया है और यह स्वीकार करता हूं कि मेरे द्वारा प्रदान किए गए सभी विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं। किसी भी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अधिकृत लोक सेवा केन्द्र या सक्षम अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा, ऐसी स्थिति में पूर्णतया मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगा/रहूँगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

मैं,**हीन मंधान** ,घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा प्रदाय किये गये समस्त दस्तावेजों को मूल प्रति से स्कैन किया गया है, तत्पश्चात पोर्टल में अपलोड किया जा रहा है। दस्तावेजों के किसी भी तरह त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदेही मेरी होगी, एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

☑ आवेदन जमा करने के लिए यहाँ चेक करे

जमा करें | छापें | अनुलग्नक सुधारे | आवेदन सुधारे | बुनियादी जानकारी सुधारे | बंद

**चित्र क्रमांक 14: आवेदन पूर्वावलोकन**

**चरण 7.1 घोषणा:** घोषणा हेतु निर्धारित बॉक्स पर क्लिक करें।

**चरण 7.2:** घोषणा पर क्लिक करते ही ***"जमा करें"*** बटन दिखाई देगा। इस पर क्लिक करें।

# चरण 8: शुल्क का भुगतान

यह पेज कियोस्क ऑपरेटर द्वारा प्रति यूनिट लिए जाने वाले सेवा शुल्क को प्रदर्शित करता है।




**चित्र क्रमांक 15: शुल्क का विवरण**

**चरण 8.1:** निर्धारित शुल्क का भुगतान करें।
**चरण 8.2**: **"जमा करें"** पर क्लिक करते ही आवेदन जमा हो जाएगा।

नोट:

- लोकसेवा केंद्र/ सीएससी/कियोस्क के लिए सेवा शुल्क रु. 30 निर्धारित हैं।
- पाँच दस्तावेज़ों तक स्कैनिंग निःशुल्क है।
- इसके अतिरिक्त और कोई शुल्क देय नहीं है।

# चरण 9: पावती सुरक्षित रखना

आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के पश्चात् पावती जेनरेट होती है। इसमें **आवेदन संदर्भ क्रमांक** देखा जा सकता है। इस पावती का प्रिंट आउट लेकर सुरक्षित रखें।

पावती (लोक सेवा गारंटी)

आवेदन सारांश:

| | |
|---|---|
| **आवेदन सन्दर्भ क्रमांक** | 4626012601000006 |
| **आवेदन दिनांक** | 11-02-2026 |
| **सेवा का नाम** | संपत्ति नामांतरण नगर पालिका क्षेत्र |
| **भुगतान का विवरण** | लोकसेवा केंद्र/सीएससी/कीओस्क के लिए सेवा शुल्क 30.00; स्कैनिंग शुल्क 0.00 |
| **कुल भुगतान शुल्क** | 30.0 |
| **भुगतान का तरीका** | ई-वॉलेट |
| **सेवा की नियत तिथि** | 27-03-2026 |
| **प्रदेय विवरण (प्रमाण पत्र, नगद प्राप्ति, आदेश की प्रति)** | आदेश की प्रति |

| कार्यालय | |
|---|---|
| **कार्यालय प्रकार** | जोन |
| **जिला** | रायपुर |
| **नगर निगम** | रायपुर नगर निगम |
| **जोन** | जोन - 10 |
| **डिवीज़न-नगर निगम** | जोन - 10 |
| **वार्ड-म्युनिसिपल कारपोरेशन** | वार्ड नं. - 52, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड |

| आवेदक का विवरण | |
|---|---|
| **नाम** | सोहन कुमार |
| **पता** | आवेदक का पता |
| **जिला** | रायपुर |
| **राज्य** | छत्तीसगढ़ |
| **ईमेल** | XYZ@gmail.com |
| **मोबाइल नंबर** | 6268176856 |

किसी भी पूछताछ के लिये अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र में संपर्क करें

| लोक सेवा केंद्र / सी.एस. सी./ चॉइस केंद्र का विवरण | |
|---|---|
| **नाम** | हीन मंधान |
| **पता** | देवेन्द्र णागर |
| **मोबाइल नंबर** | 9752542311 |

**मुहर एवं हस्ताक्षर**

**नोट:** 1.यदि वैध शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी राशि की मांग की जाती है तो 0771-4013758 नंबर पर संपर्क करे |

2.आवेदन शुल्क रु. 30 (तीस रुपये मात्र) तथा समुचित वांछित दस्तावेज प्राप्त करते समय रु. 5 (पांच रुपये मात्र)

**चित्र क्रमांक 16: पावती एवं आवेदन संदर्भ क्रमांक**

**आवेदन संदर्भ क्रमांक** की सहायता से आवेदन की स्थिति छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**उपयोगी जानकारी:**

- आवेदन जमा करने के बाद निर्धारित 30 दिनों की समय-सीमा के अंदर आवेदन का निराकरण कर दिया जाता है।
- ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन की स्थिति देखी जा सकती है।
- स्वीकृति के पश्चात् संपत्ति के अपडेटेड रिकॉर्ड ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं।